भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. †*318

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

देखो अपना देश पहल

†*318. श्रीमती शांभवी:

श्री राजेश वर्मा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2025-26 के दौरान देश में विशेषकर बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने में 'देखो अपना देश पहल' के प्रभाव का मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में विशेषकर उक्त राज्यों में उक्त अभियान के माध्यम से किन-किन कम ज्ञात ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का प्रचार-प्रसार किया गया है;

(ग) विगत एक वर्ष के दौरान देश में, विशेषकर उक्त राज्यों में, क्षेत्रीय प्रचार कार्यक्रमों के आयोजन, डिजिटल मार्केटिंग और टूरिस्ट गाइडों के क्षमता निर्माण पर हुए कुल व्यय का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने पिछले वर्षों की तुलना में इन नव प्रचारित स्थलों पर विशेष रूप से खगड़िया, समस्तीपुर, जमुई, सागर, गाजियाबाद और राजमुंदरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में घरेलू पर्यटकों की संख्या में कोई मात्रात्मक वृद्धि दर्ज की है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में, विशेषकर उक्त राज्यों में इन गंतव्यों को शामिल करते हुए किफायती पर्यटन पैकेज विकसित करने के लिए निजी यात्रा प्रचालकों के साथ सहयोग करने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्रीमती शांभवी और श्री राजेश वर्मा द्वारा देखो अपना देश पहल के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न संख्या †*318 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अल्प ज्ञात ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा अन्य पर्यटन स्थलों सहित देश भर में घरेलू पर्यटन के संवर्धन के लिए जनवरी, 2020 में 'देखो अपना देश' पहल की शुरूआत की थी। इस पहल के तहत, पर्यटन मंत्रालय वेबिनार, प्रश्नोत्तरी, शपथ अभियानों, संगोष्ठियों, पर्यटन संवर्धन कार्यक्रमों, परिचायक (एफएएम) यात्रा, अतुल्य भारत वेबसाइट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मो के माध्यम से पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) की संख्या वर्ष 2020 में 61 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025 में 429 करोड़ हो गई है। वर्ष 2020 और 2025 के दौरान बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में घरेलू पर्यटक यात्रा का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**राज्यसंघ राज्य क्षेत्र/**	**2020**	**2025**
1.	आंध्र प्रदेश	7,08,28,590	35,38,99,146
2.	बिहार	56,38,024	6,54,68,527
3.	मध्य प्रदेश	2,35,19,632	13,95,96,049
4.	उत्तर प्रदेश	8,61,22,293	1,55,74,23,503

घरेलू पर्यटन के संवर्धन पर व्यय 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार' (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत किया जाता है। वर्ष 2025-26 के दौरान मंत्रालय द्वारा उक्त योजना के तहत 59.37 करोड़ रु. का व्यय किया गया। इसके साथ ही मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान 'अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता' (आईआईटीएफ) और 'अतुल्य भारत पर्यटक गाइड' (आईआईटीजी) नामक अपने कार्यक्रमों के तहत पर्यटक गाइडों की क्षमता निर्माण के लिए 4.07 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय द्वारा संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासनों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) से संबंधित आंकड़े संकलित किए जाते हैं। तथापि, मंत्रालय द्वारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र-वार पर्यटकों की संख्या संबंधी आंकड़ों का रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है।

(ङ): पर्यटन मंत्रालय एकीकृत पर्यटन संवर्धन पहल, डिजिटल संवर्धन, ट्रैवल मार्ट, रोड शो, क्रेता-विक्रेता बैठकों, नेटवर्किंग सत्रों और परिचायक यात्रा में भागीदारी एवं उनके आयोजन के माध्यम से टूर ऑपरेटरों सहित पर्यटन उद्योग जगत के हित धारकों को सहयोग प्रदान करता है। ये पहलें पर्यटन संबंधी पैकेज तैयार करने और संवर्धन को सुगम बनाती हैं।

****